तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 सड़क के किनारे खोद कर छोड़ दिया गड्ढा, दुर्घटना की आशंका



13 25 मिलियन टन स्मारक का हुआ सौंदर्यीकरण




स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year


## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री विजय आज बालोद जिले के प्रवास पर

**बालोद/डौंडीलोहारा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 15 जुलाई को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। विजय शर्मा 15 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला भाजपा कार्यालय बालोद पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। सुबह 11:30 बजे कलेक्टोरेट बालोद में प्रभार जिले की समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे पाटेश्वर धाम आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कोटगांव में मिली अधजली लाश

**बालोद।** जिले के डौंडी विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कोटागांव के अंतर्गत महामाया माइंस जाने वाले मार्ग पर स्थित किल्लेवाली माता के पहाड़ी पर स्थित मंदिर के पीछे एक अज्ञात युवक की जली हुई अवस्था में लाश मिली है। महामाया थाना से मिली जानकारी के अनुसार जिस युवक की जली हुई लाश मिली है उसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है। उक्त युवक बुरी तरह से जली अवस्था में पड़ा हुआ मिला। रविवार की देर शाम तक युवक का नाम और वह कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाई थी। पुलिस ने घटना स्थल पर एक पानी की बोतल जिसमें से ज्वलनशील पदार्थ की बू आ रही थी और माचिस को तीली भी बरामद की है। पुलिस आशंका जता रही है कि युवक ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाकर आत्महत्या की होगी।

### ग्राम चिंगरी में माता शीतला शांति जुड़वास कार्यक्रम आज

**अंडा।** ग्राम चिंगरी (अंडा) 15 जुलाई को माता शीतला शांति जुड़वास का कार्यक्रम रखा गया है।शीतला मंदिर के पुजारी सालिक राम निर्मलकर तथा ग्रामीण चेतन यादव, महेंद्र पटेल, मनिकांत पटेल एवं राजेश्वर देशमुख ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। शाम 4 बजे माता शीतला की विशेष पूजा की जाएगी। शाम 5 बजे प्रसाद वितरण वितरण के बाद 5:30 बजे से संगीतमय माता भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर नव ज्योति बघधर्रा जस परिवार चिंगरी, श्री गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली चिंगरी, आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति चिंगरी सभी लक्ष्मी उत्सव समिति चिंगरी सहित सभी गणेशोत्सव समिति के सदस्य एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

कार्रवाई : चंदनु थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी स्थित फार्म हाउस में पुलिस ने मारा छापा

# पार्षद सहित 23 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे, फड़ से 12 लाख 37 हजार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जिले के चंदनु थानांतर्गत ग्राम देवरी में पुलिस ने शनिवार की रात एक फार्महाउस में छापा मारकर जुआ खेल रहे भाजपा पार्षद सहित 23 जुआरियों को गिरफ्तार किया। उनसे 12 लाख 37 हजार 500 रुपये नकदी रकम जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस साल जुआ की अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सायबर सेल बेमेतरा को मुखबीर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम देवरी में खेत के बीच बने फार्महाउस में कुछ व्यक्ति लाखों का जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर ने बताया कि यहां जुआ काफी लंबे समय से चल रहा है। सूचना पर सायबर सेल एवं थाना चंदनु की संयुक्त टीम गठित कर शनिवार की रात पुलिस ने फार्महाउस की घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को देख कुछ जुआरी मौके से भाग गए, वहीं 23 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

**पकड़े गए जुआरियों में ये शामिल:** इन जुआरियों में जिला मुख्यालय के वार्ड नं 18 के भाजपा पार्षद घनश्याम ताम्रकार पिता वोश्कु ताम्रकार उम्र 52 वर्ष, ललित यादव पिता कार्तिक राम यादव उम्र 34 वर्ष निवासी गिधवा, उमेश यादव पिता लक्ष्मण यादव उम्र 34 वर्ष निवासी सांकरा, यशवंत चंद्रवंशी पिता मुरली चंद्रवंशी उम्र 32 वर्ष निवासी थान खम्हरिया, घनश्याम चंद्राकर पिता शत्रुहन चंद्राकर उम्र 45 वर्ष निवासी थान खम्हरिया शामिल हैं। इनके साथ देवेंद्र कुमार वर्मा पिता रामकुमार वर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी सुमा भाटापारा, लेखु साहू पिता ओंकार साहू उम्र 34 वर्ष निवासी सलधा, सुरेंद्र कुरे पिता सखाराम कुरे उम्र 36 वर्ष निवासी बोरसी भाटापारा, ईश्वर आडिल पिता श्यामलाल आडिल उम्र 38 वर्ष निवासी अकलतरा सिमगा, ईश्वर सिंह पिता कल्याण सिंह उम्र 62 वर्ष निवासी परपोड़ा देवकर, दयादास बारले पिता बगश बारले उम्र 58 वर्ष निवासी हीरापुर दशरंगपुर कवर्धा, सनत साहू पिता हरिराम साहू उम्र 47 वर्ष निवासी पड़कीडीह, मनोज कुमार डोंडे पिता हरिश्चंद्र डोंडे उम्र 33 वर्ष निवासी हरिनभाटा सिमगा, सतीश कुमार पिता असदेव उम्र 43 वर्ष निवासी मुरकुटा नवागढ़, राजकुमार पुरैना पिता समारू पुरैना उम्र 40 वर्ष निवासी सोनपुरी चंदनू,

प्रदीप पिता परघन साहू उम्र 36 वर्ष निवासी गातापार थान खमरिया, विजय कुमार पिता भुक्लापन दास उम्र 42 वर्ष निवासी सोनपुरी कवर्धा, बलदेव कुमार पिता नोहर राम उम्र 36 वर्ष निवासी सोनपुरी कवर्धा पकड़े गए। वहीं, विष्णु मंडले पिता स्वर्गीय संत राम मंडले उम्र 37 वर्ष निवासी थान खमरिया, ज्ञानेश पिता द्वारिका उम्र 35 वर्ष निवासी इंदौरी पिपरिया कवर्धा, प्रकाश लोधी पिता तुलसीराम उम्र 42 वर्ष निवासी तेंदुआ देवरबीजा, सुशील कुमार पिता प्यारेलाल उम्र 37 वर्ष निवासी थान खमरिया एवं प्रमोद वर्मा पिता लाला वर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी कवर्धा भी पुलिस के हत्थे चढ़े। सभी गिरफ्तार जुआरियों पर अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



### दूसरे शहरों से भी जुआ खेलने पहुंचे थे जुआरी

उक्त कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, राजेश ठाकुर, रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, लोकेश सिंह, आर इंद्रजीत पाण्डेय, राजेश ध्रुव, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, राजेश कुर्रे की भूमिका रही। बता दें कि पकड़े गए ज्यादातर आरोपी शातिर जुआरी हैं और संगठित रूप से जुए का संचालन करते हैं। इनके साथ जुआ खेलने के लिए दूसरे शहर के लोग भी आते हैं। अधिकांश आरोपी इससे पहले भी कई बार पकड़े जा चुके हैं। इनमें पार्षद घनश्याम ताम्रकार कवर्धा में भी बीते दिनों जुआ एक्ट के तहत कारवाई हुई थी। बहरहाल किसके संरक्षण में इतना बड़ा जुआ संचालित हो रहा था, उसका खुलासा हो पाना अभी बाकी है।

# सट्टापट्टी के साथ पकड़ाया युवक, 4150 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर सेल व बेरला पुलिस सट्टा पट्टी खिलाते युवक को पकड़ा आरोपी टिकेश्वर उर्फ समीर बंजारे पिता शिवकुमार बंजारे उम्र 27 वर्ष ग्राम बोरिया के पास से 4 हजार 150 रुपए नगद सहित सट्टा पट्टी व डॉट पेन जब्त कर उसके विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया ।

■ साइबर सेल व बेरला पुलिस ने ग्राम बोरिया में की कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि राजू ढाबा के पास बेरला में एक व्यक्ति अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए लोगों को अतिरिक्त पैसे का लालच देकर सट्टा खिलवा रहा है। उक्त सूचना पर राजू ढाबा के पास बेरला पहुंचकर आरोपी को सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। इस दौरान सट्टा खेलने वाले लोग पुलिस को देखकर भाग गये। सट्टा लिखने वाले व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना टिकेश्वर उर्फ समीर बंजारे ग्राम बोरिया का रहने वाला बताया जिससे सफेद कागज में अंको पर रूपये पैसो का दांव लगा दो नग सट्टा पट्टी, एक नग डॉट पेन एवं नगदी 4150 रूपए जब्त कर धारा 06 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का पाये जाने से थाना बेरला में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।



### ग्राम सौरी में श्रद्धा के साथ मना मां शीतला जुड़वास

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम सौरी में 14 जुलाई को मां शीतला जुड़वास श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। प्रातः 9 बजे से ही मां शीतला दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक परम्पराओं के अनुसार हवन पूजन के बाद प्रसाद में खीर पूड़ी का वितरण किया गया। शाम से मध्यरात्रि तक जस, पचरा, सेवा भजनों की प्रस्तुति हुई। इसमें अन्य ग्रामों से भी सेवा मण्डलियों ने जस-सेवा गीतों की प्रस्तुति दी।



## सपरिवार डोंगरगढ़ पहुंचे विधायक ईश्वर मां बम्लेश्वरी की पूजा कर लिया आशीर्वाद



**साजा।** रविवार को छत्तीसगढ़ राजनांदगाव जिले के प्रसिद्ध डोंगरगढ़ मंदिर पहुंचकर विधायक ईश्वर साहू ने सहपरिवार माँ बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक ईश्वर साहू विशेष आरती कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ उनके पत्नी सती बाई साहू, पिता समेलाल साहू, माता सुखिया बाई साहू, बड़े भैया भागीरथी साहू भी मौजूद रहे।विधायक ईश्वर साहू सहपरिवार पूजा अर्चना के बाद उन्होंने कहा कि वे प्रदेश में रहने वाले हर व्यक्ति की सुख, समृद्धि और खुशहाली मां से मांगते हैं, ताकि प्रदेशवासियों के चेहरे पर हमेशा खुशी रहे।

# गौवंशों को हटाने सड़कों पर उतरा पुलिस-प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर अक्सर बैठे गौवंशों से टकराकर जहां आए दिन वाहन दुर्घटना हो रही है, वहीं जनहानि व गौवंशों की भी मृत्यु हो रही है। बीते शुक्रवार शनिवार की मध्यरात्रि इन घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों को हटाने अपने महकमे के जवानों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया था, जिसका असर दिखाई देने लगा। पुलिस प्रशासन जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक राजेश झा, उप पुलिस अधीक्षक कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा लगातार पुलिस स्टाफ की ड्यूटी लगाकर आम रास्तो पर बैठे गौवंशो की सुरक्षित स्थान पर हटाया जा रहा है।

■ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का दिखने लगा असर

### पुलिस स्टाफ की ड्यूटी लगाकर गौवंशों को मुख्य मार्ग से हटाया जा रहा




देर रात सड़कों पर उतरे एसपी रामकृष्ण पशुओं का जमावड़ा देख खुद हटाया

इसके अलावा अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर आम जनता को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाकर जनहानि व गौवंशो की मृत्यु को रोका जा सके। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से विनम्र अपील करते हुए कहा कि वे अपने गौवंशों को सड़क पर न छोड़ें, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें।

### थाना बेरला में हुई बैठक, जनप्रतिनिधियों व गौरक्षकों ने दिए सुझाव

आम रास्ते पर बैठने वाले गौवंश की वजह से आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से व गौवंशो को रास्ते से हटाकर सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित रूप से पहुँचाने के लिए रविवार थाना प्रभारी बेरला मयंक मिश्रा ने थाना बेरला में बैठक रखी। बैठक में गौवंश की सुरक्षा के साथ वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित कर चर्चा की गई। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि प्रारम्भिक रूप से गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों से अपील की जाएगी कि अपने गौवंशों को अपने घर में सुरक्षित रखें, जिससे उनकी सुरक्षा के साथ सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। बैठक में बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे, उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू,ग्राम पंचायत हतपान सरपंच संदीप वर्मा,ग्राम पंचायत सांकरा भागीरथी नेताम, ग्राम पंचायत देवरी सरपंच विमल कुमार साहू, ग्राम पंचायत खर्रा सरपंच वीरेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत सोढ़ सरपंच रूपेंद्र पाटिल, ग्राम पंचायत सरदा सरपंच जनक राम धीवर, ग्राम पंचायत भाड़ सरपंच, गौसेवक जगदीश प्रसाद सोनी व नितेश सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बालोद।** सड़क हादसे में 62 वर्षीय व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया है। घटना रविवार की शाम करीब 6 बजे ग्राम झलमला के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम अंगारी निवासी आत्माराम 62 वर्ष को तेज रफ्तार बाइक चालक ग्राम हल्दी निवासी दिनेश कुमार 19 वर्ष ने ठोकर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया जहां से 62 वर्षीय आत्माराम की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे राजनांदगांव रेफर किया गया।


पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411


बैठक में की गई उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

# जिले के 20 हज़ार असाक्षरों को बनाया जाएगा साक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के चारों विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, एवं संकुल समन्वयकों की बैठक शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आयोजित की गई। उक्त बैठक मे मुख्य रूप से उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई साथ ही विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, तथा समग्र शिक्षा अंतर्गत आवश्यक चर्चा हुई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टी.सी. अग्रवाल ने सभी उपस्थित जनों से उल्लास कार्यक्रम की सफ़लता के लिए समन्वित प्रयास करने की बात कही।उन्होंने प्रेरक उद्बोधन मे संकुल समन्वयकों से असाक्षरों की प्रविष्टि पोर्टल में करने के कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया जिससे उन्हें नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम नव-साक्षरों की श्रेणी में लाकर बुनियादी साक्षरता तथा संख्या ज्ञान प्रदान किया जा सके और आत्म निर्भर बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु शालेय स्तर पर किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी के. के. बंजारे ने उल्लास कार्यक्रम को विशेष प्राथमिकता देते हुए पोर्टल मे शीघ्रताशीघ्र असाक्षरों एवं स्वयंसेवकों की प्रविष्टि पूर्ण करने तथा असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवं अंक ज्ञान प्रदान करने इस राष्ट्रव्यापी अभियान में भागीदारी सुनिश्चित कर जन जन साक्षर की परिकल्पना को साकार करने जुट जाने का आह्वान किया। जिले की शैक्षिक प्रगति को उत्कृष्ट बनाने हेतु विद्यालयों का सतत निरीक्षण करने शिक्षकों को समय पर विद्यालय आकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कक्षाओं में गुणवत्ता पूर्ण अध्यापन करने का निर्देश दिया ।




### कराई जाएगी 200 घंटे की पढ़ाई

इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने उल्लास कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से 200 घंटे का अध्यापन करा कर महत्वपूर्ण जीवन कौशल, वित्तीय साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य, स्वच्छता, परिवार कल्याण, डिजिटल साक्षरता जैसे बुनियादी ज्ञान एवं अंक ज्ञान से परिपूर्ण करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 मे बेमेतरा जिले को 20 हज़ार शिक्षार्थी एवं 2 हजार स्वयं सेवकों का लक्ष्य मिला है। उक्त बैठक मे बी आर सी बेरला खोमलाल साहू ने भी उल्लास कार्यक्रम के विषय मे राज्य से प्राप्त दिशा निर्देश से अवगत कराया। प्रोग्रामर नेहिल वर्मा,एम.आई.एस. प्रशासक खिरामन वर्मा ने भी विभिन्न जानकारी प्रदान की। इस बैठक मे बी.ई.ओ. अरुण कुमार खरे,जयप्रकाश करमाकर,नीलेश चंद्रवंशी,लोकनाथ बांधे, बी. आर. सी. राजेंद्र साहू, बी.डी.बघेल.,जगजीवन साहू, प्रोग्रामर चंदन, पूर्णिमा सहित सभी विकास खंड के संकुल समन्वयक उपस्थित थे।




# जमकर बरसे मेघ, लोगों को गर्मी व उमस से मिली राहत, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक दोपहर 2 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे एक ओर जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता भी कुछ हद तक दूर हुई है।

आपको बता दें कि मानसून लगने के बाद जिले 18 से 22 जून के बीच पानी गिरने से किसान खेती किसानी कार्य में जुट गए थे और धान की फसल अंकुरित हो कर निकलकर तैयार हो चुके हैं। एक तरफ गर्मी की मार के चलते धान सूख रहे थे और खेत में दरार आ गयी थी। अंचल में एक सप्ताह से

## खेतों में पड़ने लगी थी दरारें, सूख रही फसलों को मिली संजीवनी



### सूखने लगे थे धान के पौधे

साथ ही रोपाई खेतो को भी नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। किसान अब भी रोपाई में लगे हुए है। वही बारीश न होने से खेत सूखने के कारण रोपे गए धान की फसल को नुकसान पहुंच रहे थे। इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रहे थे। शुक्रवार की 2 बजे काली घटाओं के साथ मौसम का मिजाज बदला और इसके साथ ही झमाझम बारिश ने रफ्तार पकड़ी जो शाम तक लगातार बारिश हुआ। इससे किसान के चेहरे में खुशी की लहर देखने को मिला। वहीं बारिश होने पर खेतों में पानी भरना फसलों के लिए भी संजीवनी के रूप बना। गौरतलब है कि बेरला क्षेत्र सहित अंचल में शुक्रवार को मौसम का मिजाज ने करवट बदली। बारिश खेत मे पानी भरने से अब फसल को संजीवनी का अमृत मिलने के समान प्रतीत होगी।

बारिश नहीं होने से क्षेत्र वासियों के लिए संकट का विषय बन गया था। साथ ही तेज धूप व उमसभरी गर्मी और पानी की कमी के चलते किसानों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गयी थी। लेकिन शुक्रवार के दोपहर 2 बजे से अचानक झमाझम बारिश होने पर अंचल वासियों व किसानों के चेहरे में खुशी की लहर देखने को मिली। साथ ही घण्टे भर बारिश होने से खेतों में पानी भरने से किसान राहत की सांस ली। कुछ दिनों पहले सुबह शाम काली घटा रहता था तो दोपहर में धूप के साथ उमस भरी गर्मी होते थे। जिसके चलते किसान द्वारा धान की बोआई खेतो में किया थे वह सूखने लगा था इसके साथ ही अंकुरित बीज सूखकर मार रहे थे।

## खबर संक्षेप

### बीईओ कार्यालय के बाहर कचरे का ढेर

**बालोद।** शहर के सरदार पटेल मैदान से लगे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर हमेशा कचरे का ढेर आप आसानी से देख सकते हैं। बीएमओ कार्यालय के बाहर कई कॉपी किताब व फाइलें सहित पॉलीथिन का भी ढेर कार्यालय के ठीक सामने ही रहता है। इस कार्यालय में कई पढ़े लिखे जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी देने पहुंचते हैं, जो इसी कचरे के ढेर को पार करके ही अपने कक्ष तक पहुंचते हैं। लेकिन, कार्यालय के सामने कई दिनों से पड़े इस कचरे को साफ कराने कोई सुध नहीं ले रहा है। यही वजह है कि घुमंतू गाय इसी कचरे के ढेर से कागज और पॉलीथिन को अपना आहार बना रहे हैं।

### दो ट्रकों में भिड़ंत, एक चालक घायल

**बालोद।** धमतरी-कांकरे मुख्य मार्ग 30 पर स्थित ग्राम जगतरा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर दो ट्रकों में भिड़ंत हो गईं। दुर्घटना में दोनों ट्रकों के परखचे उड़ गए और एक ट्रक चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जगतरा के पास खाली ट्रक और समान से भरे ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क दुर्घटना में एक ड्राइवर को चोट आयी है, जिसे एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। वहीं, सड़क दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा, तब मौके पर पहुंची पुरुर पुलिस ने यातायात बहाल कराया।

### जरूरतमंद बच्चों के लिए दान की शिक्षण सामग्री

**दल्लीराजहरा।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा रविवार को निषाद समाज भवन दल्लीराजहरा में मिशन एजुकेशन के तहत डोनेशन बॉक्स लगाया गया। इसके तहत निषाद समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिक्षण सामग्री कॉपी पेन पेंसिल रबर दान किया। यह अभियान पिछले 8 वर्षों से लगातार पूरे भारतवर्ष में चल रहा है। इसका उद्देश्य सक्षम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से दान लेकर सुदूर गांव अंचल में बसे जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षण सामग्री पहुंचाना है ताकि वे लोग भी पढ़ लिखकर समाज और देश की सेवा कर सके। इस अभियान के बारे में समिति के सदस्य कोमल पटेल ने विस्तार से जानकारी दिया। निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम पारकर एवं देवंतीन पारकर ने इस अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में निषाद समाज की महिला अध्यक्ष कल्याणी निषाद कोषाध्यक्ष ढाल सिंह निषाद जोहन निषाद भागवत निषाद रेखा पारकर दीपक देव प्रसाद एवं धर्मेंद्र निषाद उपस्थित थे।

## निधन

### सेवती देवी बैस



**साजा।** ग्राम डोगीताराई निवासी सेवती देवी बैस का स्वर्गवास हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक लखन बैस गुरुजी की धर्मपत्नी व गणेश बैस महेश सिंह की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों व सामाजिक बंधुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्टॉप डायरिया अभियान के तहत लोगों को किया जा रहा जागरूक

# बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण है डायरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक 2 महीने स्टॉप डायरिया का अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया या दस्त है, जिसका समय पर निदान और उपचार से बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। इसी कारण बच्चों में डायरिया या दस्त से होने वाली मृत्यु की रोकथाम हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन या दस्त रोको अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेंद्र ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों के घरों में भेंट कर मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ओ.आर.एस. पैकेट और 14 दिनों का जिंक की गोलियां प्रदाय की जा रही हैं। बच्चों के माता पिता एवं पालकों को ओ.आर.एस. घोल बनाने दस्त के समय पिलाने तथा हाथ धुलाई और स्वच्छता, शिशु पोषण एवं आहार व्यवहार के बारे में जानकारी देकर

## दस्त से बचाव के बताए जा रहे उपाय, ओआरएस तैयार करने की बताई जा रही विधि



### बच्चों को बताए हाथ धोने के तरीके

बेमेतरा ब्लॉक में कार्यक्रम प्रबंधक पंकज आदिल ने बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान के तहत हैंडवास एक्टिविटी प्राथमिक शाला बेमेतरा में चिरायु दल द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ प्रीति ठाकुर डॉ दिलीप चंद्रवंशी मनीष साहू एलटी बलवंत बंजारे फार्मासिस्ट ने बच्चों को हाथ धोने की विधि एवं डायरिया से बचाव के तरीके बताए। इसी तरह प्राथमिक शाला चंदनु बेमेतरा में चिरायु दल द्वारा किया गया जिसमें डॉ ऋषभ शर्मा डॉ आकांक्षा कुर्रे, खिलेंद्र साहू फार्मासिस्ट के द्वारा बच्चों को हैंड वास की विधि एवं डायरिया से बचाव के तरीके के बारे में बताया गया।

जागरूक किया जा रहा है। डायरिया से पीड़ित बच्चों में गंभीर लक्षणों की पहचान कर उनके उपचार प्रबंधन के संबंध में बताया जा रहा है। विशेष रूप से डायरिया के कारण बच्चों में होने वाला निर्जलीकरण जिसमें शरीर में पानी की कमी हो जाती है के उपचार हेतु ओ.आर.एस. की उपयोगिता तथा ओ.आर.एस. उपलब्ध ना होने पर घर पर ही जीवन रक्षक घोल तैयार करने के बारे में भी बताया जा रहा है।

**शरीर में पानी की कमी होने से बचाता है ओआरएस घोल :** जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ओ.आर.टी. कार्नर स्थापित कर निःशुल्क जिंक टैबलेट एवं ओ.आर.एस. का वितरण किया जा रहा है। जिंक अनुपूरण से दस्त की अवधि और गंभीरता तथा उसके बाद होने वाले संक्रमण की संभावना 2-3 महीने तक कम हो जाती है। ओआरएस लेने से यह बच्चों को डायरिया से होने वाली पानी की कमी से बचाता है।

# बेमेतरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल, शोक संतप्त परिजनों से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंचल के वरिष्ठ पत्रकार महेश दुबे के पिता स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद दुबे सेवानिवृत्ति शिक्षक के निधन की खबर मिलने पर शनिवार शाम प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके नयापारा स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने शोक संतृप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। श्री बघेल एकदिवसीय प्रवास पर कवर्धा जिले से लौटते वक्त वे पत्रकार महेश दुबे के निवास स्थान पहुंचे। इस दौरान श्री दुबे के परिजन उत्तम दुबे, जवाहर दुबे ,प्रतीक दुबे सहित अन्य सदस्य की मौजूदगी में उन्होंने स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद दुबे के लंबे शिक्षकीय कार्यकाल को भी याद किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रवीण वर्मा, बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा, शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, राजेंद्र वर्मा ,सुरेंद्र तिवारी सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# प्राथमिक शाला हांटरांका में लगाए गए 70 पौधे

**थानखम्हरिया।** ग्राम हांटरांका के शासकीय प्राथमिक शाला में एक पेड़ मां के नाम के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने 70 पौधे लगाए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विकास चौबे, शिक्षक देवचंद देवांगन, ग्राम पंचायत सरपंच खेलावन साहू, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व बच्चे उपस्थित थे।

# सड़क के किनारे खोद कर छोड़ दिए गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

- बेरला-साजा मार्ग पर ग्राम कोदवा के पास महीनों पहले खोदा गया था गड्ढा

बेरला-साजा मार्ग की पीडब्ल्यूडी सड़क पर ग्राम कोदवा के समीप अज्ञात केबल द्वारा महीनों पूर्व खोदा गया गड्ढा अभी तक नहीं भरा नहीं गया है। इसके साथ ही शासन-प्रशासन के जिम्मेदार भी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लिहाजा यह गड्ढा सड़क पर राहगीरों



व मुसाफिरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रहा है। वैसे तो यह गड्ढा सड़क पर कोदवा से लेकर साजा मार्ग में कई जगहों पर दोनों साइड मौजूद है। जिसके संबंध में ज़रा सी जानकारी न स्थानीय पंचायत प्रशासनों को है और न ही सड़क मार्ग पर बसे गावों की जनता को है। इस सड़क पर अज्ञात केबल कम्पनी द्वारा नेटवर्क फैलाने के नाम पर यह खोदा गया है, जो करीब 5 फीट से करीब है। इसके कारण अचानक कभी भी हादसे होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर ज़िला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने सम्बन्धित मुहिम चलाता है, वहीं जगह-जगह गड्ढे खोदकर खुला छोड़ दिया गया है। इस पर न ही सड़क से जुड़े विभाग व प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी कार्रवाई करते हैं और न ही इस पर कोई जनप्रतिनिधि कोई प्रयास कर लेते हैं जिसके कारण केबल कम्पनियों की लगातार मनमानीपूर्ण कार्यशैली व कार्यस्वरूप का नज़ारा देखने को मिलता है।

# लोगों को मिल रहा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का लाभ

**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति चाहता है कि जब वह बीमार पड़े तो उसे अपने इलाज के लिए भटकना न पड़े। छोटी-छोटी बीमारी के लिए अपनी रोजी रोजगार बंद कर डाक्टरों से अपॉइंटमेंट लेकर और लाईन में लगकर इलाज कराने से हर कोई बचना चाहता है। लोगों की इन्ही परेशानियों और जरूरतों को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ में शुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अब इन्हीं उद्देश्यों और लक्ष्यों को न सिर्फ पूरा कर रही है, बल्कि अपने मुहल्ले में ही घर के पास कैंप लगने से जरूरतमंद लोगों को इलाज में बहुत सहूलियत हुई है।

इस योजना का लाभ थानखम्हरिया नगर वासियों को भी मिल रहा है। यहाँ बस सप्ताह



में दो बार आती है दिन बुधवार व शनिवार को सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे तक 7 घंटा अपनी सेवा देती है। योजना जरूरतमंद व गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने यह बस पूर्ण अस्पताल है, जिसमें अनुभवी डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा मरीज को निशुल्क दवाई, लैब टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिसमें खून जांच ,यूरिन टेस्ट, टीवी, थायराइड ,टाइफाइड शुगर ,बीपी , मलेरिया आदि की जांच लैब टेक्नीशियन द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से की जाती है। गरीबों का त्वरित इलाज करने महत्वपूर्ण कदम सरकार के महत्वाकांक्षी योजना को जनप्रतिनिधियों व नगर वासियों द्वारा खुब प्रशंसा की हैं। मेडिकल यूनिट बस में मेडिकल ऑफिसर संदीप कुमार साहू, लैब टेक्नीशियन मिस गुंजन वर्मा, मास्टर भगवान साहू, नर्स चंद्र किरण मौजूद थे व नगर के 96 लोगों का जांच व उचित उपचार किया गया।

# सीएचसी खंडसरा में की गई 13 महिलाओं की नसबंदी

**बेमेतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत 13 हितग्राहियों का सफल महिला नसबंदी ऑपरेशन डॉ विनीता ध्रुव द्वारा किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडसरा को जिला चिकित्सालय में नसबंदी ऑपरेशन के लिए अधिक पंजीयन होने के कारण ब्लॉक स्तर पर नसबंदी ऑपरेशन शिविर आयोजित करने के लिए बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेश पर नसबंदी ऑपरेशन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संत राम चुरेंद्र के दिशानिर्देश और



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडसरा बीएमओ डॉ शरद कोहाडे के मार्गदर्शन में 13 जुलाई 2024 शनिवार को महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। पूर्णतः निःशुल्क इस नसबंदी ऑपरेशन शिविर में डॉ विनीता ध्रुव ने 13 महिला हितग्राहियों का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया। इस महिला नसबंदी ऑपरेशन शिविर के आयोजन में बीएमओ डॉ शरद कोहाडे, नर्सिंग स्टाफ सीएचसी खंडसरा, बीपीएम पंकज आडिल, बीईटीओ प्रकाश भारती के साथ अन्य खंडसरा सीएचसी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## आषाढ़ के महीने में भी नहीं के बराबर नजर आ रहा पानी

# देवकर अंचल की लाइफलाइन सुरही नदी की धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

साजा-देवकर तहसील अंचल की लाइफलाइन सुरही नदी बरसात के सीजन में नाले की भाँति पतली सी धार में तब्दील होती नजर आ रही है। जबकि हर साल यह नदी बारिश के दौर बड़ी तेज धारा के साथ भयंकर रौद्र रूप ले लेती है, जो क्षेत्र के लिए आम बात रही है।किन्तु इस बार आषाढ़ माह भी पूरा होने एवं सावन महीने दस्तक देने को है, फिर भी नदी का फैलाव मात्र नाले के समान ही दिखाई दे रहा है।

सबसे आश्चर्य की बात यह है कि नदी का पानी नगर देवकर क्षेत्र में धारा प्रवाह के उलट बह रहा है, लिहाजा जलस्तर की स्थिति का अंदाजा स्पष्ट लगाया जा सकता है। प्रायः यह नदी बारिश के मौसम में लबालब रहता है लेकिन इस बार सुरही नदी की स्थिति क्षेत्रवासियों को सोचने पर विवश कर दिया है।



उल्लेखनीय है कि जिले की जीवनदायनी शिवनाथ नदी की सहायक सुरही नदी साजा विकासखण्ड में करीब तीन दर्जन गाँव के इर्द-गिर्द प्रवाहित होती है एवं तटवर्ती गाँवों के लिए जलस्तर बढ़ाने में अहम योगदान है। वैसे तो सुरही नदी का उद्गम सुतियापाठ बांध, कर्रानाला एवं पैलीमेटा डैम को संयुक्त रूप से माना जाता है। जिसमे स्थानीय प्रचलन में 16 छोटी नदियों का संगम होने से इसे सुरही नदी की संज्ञा दी गयी है लेकिन यह सुरही नदी कभी वर्षा के मौसम में अपने पानी से बाढ़ आपदा संकट पैदा कर देता था जो आज स्वयं सीमित धाराओं में अस्तित्व से जूझता नज़र आ रहा है।

### बड़ी मात्रा में निकाली जा चुकी है रेत

दरअसल पिछले कुछ सालों में देखा जाए तो सुरही नदी अपने प्रवाह क्षेत्र में काफी तबाही मचाई थी। जिसमें नदी किनारे बसे कई तटीय इलाकों में रिहाइशी घर व अन्य स्थल डूबी थी। परंतु इस बार मौसम के बार बार बदलते बरताव से नदी में पानी की काफी कमी हो गयी है एवं रेत तस्करों द्वारा नदी से बडी मात्रा में गर्मीभर अवैध रेत उत्खनन का कार्य किया गया है। परिणामस्वरूप नदी का वास्तविक सीमा इस बार बदला हुआ दिखाई पड़ रहा है। फिलहाल सुरही नदी के काफी बड़े दायरे में जल की कमी देखी जा रही है, नदी के अंतिम छोर इलाके में स्थित देवकर में हालत ऐसी ही कि नदी पतली सी धार में तब्दील नज़र आ रही है। जो काफी बड़ा चिंता का विषय है।

# सड़कों के गड्ढों ने बढ़ाई समस्या बारिश में दुर्घटना की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

नगर पंचायत में जगह-जगह सड़क पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बरसात के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। वार्ड क्रमांक 3 गौरवपथ रोड व दुर्गा चौक साजा रोड की स्थिति यही है। सड़क की स्थिति से आम जन परेशान व जनप्रतिनिधियों से खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद सड़क नहीं सुधर पाई है, गांव गांव में आवागमन के साधन के लिए सडके बनाई जा रही है और देख रेख़ के अभाव में गुणवत्ता की कमी के चलते सड़के बहुत जल्दी



ही जर्जर हो रही है। ठेकेदारों के द्वारा गारंटी बोर्ड में लिखा जरूर रहता है, लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता। जिसका खामियाजा आनेजाने वाले राहगीरों को उठाना पड़ता है। मजबूरी में जनता उन पर चलने के लिए मजबूर है, सड़कों पर जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं। भारत माता चौक, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर ,शासकीय उच्चतर बालक विद्यालय, आत्मानंद पब्लिक स्कूल आदि के लगभग दो हजार छात्र छात्राओं का रोड में प्रतिदिन पढ़ाई के लिए आना जाना पड़ता है।

**कई साल से नहीं हुई मरम्मतः** रोड बारिश के कारण धसने लगी है, कई जगह तो सड़के उखड़ चुकी है । कई साल से रिपेयरिंग नहीं हुई है, नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से सड़क को सुधार करने के मांग की पर आज तक सड़क नहीं सुधरी सड़क की उपेक्षा से यह साबित हो जाता है कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी ऐसे मामलों पर कितने संवेदनशील है और जनता के मन में एक सवाल बांकि रह जाता हैं कि आखिर इसकी सुध कौन लेगा?